# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–08 दिसम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज वाराणसी के बनारस रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर विंडो ट्रेलिंग ट्रेन के माध्यम से वाराणसी प्रयागराज रेलवे ट्रैक के निरीक्षण की शुरुआत की। बनारस रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारतीय रेल की तरफ से कुंभ के लिए पर्याप्त तैयारी की गई हैं दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को ट्रेन की बेहतर सुविधा मुहैया कराने के साथ–साथ अत्यधिक भीड़ होने की स्थिति में स्टेशनों पर भी रुकने के पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महाकुंभ को लेकर प्रयागराज और अयोध्या के बीच रेलवे ने विशेष इंतजाम किये हैं।

***इस बार अयोध्या जी से और प्रयागराज जी से रिंग रेल की व्यवस्था की गई है।जिससे कि प्रयागराज से अयोध्या जी बहुत आराम से जा सके और चार रिंग रेल की व्यवस्था ओवरऑल की गई है और होल्डिंग एरिया बहुत बड़े–बड़े बनाए जा रहे हैं। जिससे कि पैसेंजर्स आराम से वहां पर रुक सके रुक के उसके बाद जब गाड़ी आए तब जा सके।***

**********

रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने आज सिद्धार्थनगर जिले में सिद्धार्थनगर–चिल्हिया स्टशनों के मध्य समपार संख्या अट्ठावन पर भीमापार में रोड अण्डर ब्रिज का शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने बढ़नी रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में कोचिंग डिपो का लोकार्पण किया। कोचिंग डिपो के बन जाने से बढ़नी जंक्शन से लम्बी दूरी की ट्रेनों को चलाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके पहले रेल राज्य मंत्री गोरखपुर पहुंचे जहां उन्होंने गोरखनाथ मंदिर जाकर गुरू गोरक्षनाथ का दर्शन–पूजन किया। इस अवसर पर मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए रवनीत सिंह ने कहा कि गोरखनाथ मंदिर नाथ परम्परा और गुरू परम्परा की सर्वोच्च पीठ है और यहां आकर वह खुद को धन्य महसूस कर रहे हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर के महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को आयुष्मान वय वन्दन कार्ड वितरित करेंगे। पांच लाख रूपये तक की मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध कराने वाली इस योजना के तहत सत्तर वर्ष से अधिक आयु के लोगों को आय सीमा से मुक्त कर आच्छादित किया गया है। गोरखपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि जनपद में अब तक आठ हजार तीन सौ पच्चीस बुजुर्गों के आयुष्मान वय वन्दन कार्ड बनाये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना में लाभार्थी ऑनलाइन माध्यम से आधार से जुड़े मोबाइल नम्बर से खुद कार्ड बना सकते हैं।

**********

जौनपुर–प्रयागराज–आजमगढ़ मार्ग को फोरलेन बनाने के लिये प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप ने चार हजार पैंतालीस करोड़ रूपये की परियोजना को मंजूरी दी है। इसमें से दो हजार आठ सौ चौंतीस करोड़ रूपये सड़क निर्माण में खर्च होंगे जबकि बाकी धनराशि जमीन अधिग्रहण में खर्च की जायेगी। इस परियोजना के अन्तर्गत जौनपुर और फूलपुर से मुंगरा बादशाहपुर के बीच में नया बाइपास बनेगा। इस फोरलेन को पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे सहित कई अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों से भी जोड़ा जायेगा।

**********

प्रदेश भर में आज से पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हो गयी है। इस अभियान के अन्तर्गत पहले दिन सभी जिलों में बनाये गये एक लाख दस हजार छः सौ अड़तालीस बूथों पर पांच साल तक के बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलायी गयी। भदोही में मुख्य विकास अधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी, श्रावस्ती में विधायक रामफेरन पाण्डेय, मऊ में अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉक्टर बाल चन्द्रा ने पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया। राज्य में तीन करोड़ उन्तीस लाख बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। कल से चौदह दिसम्बर तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर जाकर बच्चों को पल्स पोलियो की ड्रॉप पिलायेंगी।

**********

बीते सोलह नवम्बर को सारनाथ से शुरू हुई विशाल धम्मचारिका पदयात्रा आज भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर पहुंची। जहां कुशीनगर बौद्ध भिक्षु संघ के अध्यक्ष अग्ग महापंडित भदन्त ज्ञानेश्वर ने यात्रा में शामिल होकर बौद्ध भिक्षुओं का स्वागत किया। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान के पूर्व अध्यक्ष भंते चंदिमा के नेतृत्व में भगवान बुद्ध के प्रथम उपदेश स्थल सारनाथ से शरू हुई पदयात्रा वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, महराजगंज होते हुए धम्मचारिका पदयात्रा के महापरिनिर्वाण मन्दिर कुशीनगर पहुंचने पर बौद्ध भिक्षुओं और उपासकों ने मानव कल्याण तथा विश्वशांति की प्रार्थना की।

**********

उत्तराखंड में बहु–प्रतीक्षित शीतकालीन चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रूद्रप्रयाग जिले के ऊखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर में यात्रा का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया। सर्दी के मौसम में यह भगवान केदारनाथ की मूर्ति का निवास स्थल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शीतकालीन चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने की सरकार प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**********